भारतीय बासमती चावल का निर्यात वित्तीय वर्ष 2022-23 में 12,108 करोड़ रुपये बढ़ा

कोलकाता स्थित वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डी जी सी आई एस) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 (अप्रैल-मार्च) में भारत ने लगभग 38,524.10 करोड़ रुपये (करीब 4.79 अरब डॉलर) के बासमती चावलों का निर्यात किया जो कि 2021-22 वित्तीय वर्ष से करीब 12,108.95 करोड़ रुपये अधिक है। रुपयों में मूल्य में, भारतीय बासमती चावल का निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 2022-23 में लगभग 45.84% अधिक था।

डी जी सी आई एस के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2021-22 में लगभग 39.47 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसकी कीमत 26,415.16 करोड़ रुपये (3.47 अरब डॉलर) थी।

देश ने 2022-23 में लगभग 45.61 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल का निर्यात किया, जो 2021-22 से लगभग 6.14 लाख मीट्रिक टन (15.55%) अधिक है।

डी जी सी आई एस के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2022-23 में 149 देशों को बासमती चावल का निर्यात किया था, जबकि 2021-22 में भारत ने 153 देशों को यह जिंस बेची था।

मात्रा में 9.98 लाख मीट्रिक टन से इरान भारतीय बासमती चावल का सबसे बड़ा आयातक था, इसके बाद सऊदी अरब (9.54 लाख मीट्रिक टन) और इनसे काफ़ी पीछे इराक (3.64 लाख मीट्रिक टन) तीसरे स्थान पर था।

अन्य बड़े आयातकों में संयुक्त अरब अमीरात (3.15 लाख मीट्रिक टन), यमन गणराज्य (2.89 लाख मीट्रिक टन), संयुक्त राज्य अमेरिका (2.04 लाख मीट्रिक टन), कुवैत (1.56 लाख मीट्रिक टन), यूनाइटेड किंगडम (1.43 लाख मीट्रिक टन), ओमान (1.12 लाख मीट्रिक टन) और जॉर्डन (1.05 लाख मीट्रिक टन) शामिल हैं।

मूल्य के संदर्भ में रुपयों में, सऊदी अरब भारतीय बासमती चावल के लिए 8,362.25 करोड़ रुपये का भुगतान करने वाला सबसे बड़ा खरीदार था, इसके बाद ईरान (7,838.24 करोड़ रुपये), इराक

(3,031.94 करोड़ रुपये), संयुक्त अरब अमीरात (2,689.1 करोड़ रुपये) और यमन गणराज्य (2,473.02 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।

मूल्य के मामले में बासमती चावल के अन्य बड़े खरीदारों में अमेरिका (1,920.49 करोड़ रुपये), कुवैत (1,276.23 करोड़ रुपये), यूनाइटेड किंगडम (1,108.69 करोड़ रुपये), ओमान (1,013.17 करोड़ रुपये) और जॉर्डन (933.58 करोड़ रुपये) शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2022-23 (अप्रैल-मार्च) में बासमती चावल का भारत का निर्यात

चोटी के 10 देश	**मात्रा मीट्रिक टन में**	**मूल्य करोड़ रुपये में**
सऊदी अरब	9,54,732	8,362.25
ईरान	9,98,877	7,838.24
इराक	3,64,068	3,031.94
संयुक्त अरब अमीरात	3,15,513	2,689.10
यमन गणराज्य	2,89,602	2,473.02
संयुक्त राज्य अमेरिका	2,04,027	1,920.49
कुवैत	1,56,444	1,276.23
यूनाइटेड किंगडम	1,43,575	1,108.69
ओमान	1,12,257	1,013.17
जॉर्डन	1,05,738	933.58
कुल मिलाकर	**45,60,762**	**38,524.10**

स्रोत: वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डी जी सी आई एस), कोलकाता